**केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग**
**सत्रांत परीक्षा (2023-24)**

**विषय - हिंदी** **समय – 2:30**

**कक्षा – सातवीं** **कुल अंक – 60**

---

**निर्देश : 1.सुलेख और वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें |**
**2. प्रश्न पत्र में** क ,ख ,ग ,घ **खंड एवं कुल 11 प्रश्न हैं |**
**3. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही दें |**
**4 .सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, विकल्पों का ध्यान रखें |**

---

## खंड (क)
## अपठित गद्यांश

**प्रश्न 1 अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए | (1X 5=5)**

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है – प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने विद्यालय छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था – तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

(क) **मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते है|**
(i) निर्भीकता, साहस, परिश्रम (ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास
(iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम (iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन

(ख) **प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है–**
(i) संघर्ष (ii) कठिनाइयाँ
(iii) चुनौतियाँ (iv) सुखद परिणाम

ग) **समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है**
(i) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है। (ii) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।
(iii) अपने विकास को बाधित करना है। (iv) उपर्युक्त सभी

(घ) **'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है-**
(i) मानवी + य (ii) मानव + ईय
(iii) मानव + नीय (iv) मानव + इय

(ङ) **संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है-**

(i) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य
(ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस
(iii) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस

https://www.evidyarthi.in/

(iv) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

**प्रश्न 2 . नीचे दिए अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1X 5=5)**

रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग है क्यारी-क्यारी
लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी
एक हमारा माली हम सब
रहते नीचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के।।
सूरज एक हमारा, जिसकी
किरणें उसकी कली खिलातीं,
एक हमारा चाँद चाँदनी
जिसकी हम सबको नहलाती।
मिले एक से स्वर हमको हैं,
भ्रमरों के मीठे गुंजन के
हम सब सुमन एक उपवन के।।
काँटों में मिलकर हम सबने
हँस-हँस कर है जीना सीखा,
एक सूत्र में बँधकर हमने
हार गले का बनना सीखा।
सबके लिए सुगन्ध हमारी
हम श्रृंगार धनी निर्धन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

**प्रश्न (क) उपवन की शोभा किस बात में है ?**

(i) एक जैसा रंग-रूप होने में
(ii) अलग-अलग रंग-रूप और अलग-अलग क्यारियाँ होने में
(iii) कोई भी विशेषता न होने में
(iv) एक जैसी क्यारियाँ होने में

**(ख) 'मिले एक से स्वर हमको हैं'- पंक्ति का मूल भाव क्या है-**

(i) सब एक जैसी बात बोलते हैं
(ii) सबके विचारों में एकता है
(iii) सब एक जैसी उल्टी-सीधी बात बोलते हैं
(iv) सब जो चाहे बोल देते हैं

**(ग) 'काँटों में मिलकर हँस-हँस कर है जीना सीखा' -में काँटे किसे कहा गया है ?**

(i) फूलों के पास उगे काँटे
(ii) खेतों के रास्तों में उगे काँटे
(iii) जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाएँ
(iv) पाँव में चुभे हुए काँटे

**(घ) 'एक सूत्र में बँधकर हमने हार गले का बनना सीखा का भाव है-**

(i) एक धागे में बाँधकर हार बनाना
(ii) एकता का पालन करके प्रेम से रहना

https://www.evidyarthi.in/

(iii) गले का हार बनाना
(iv) एकता का जीवन

**(ङ) 'हम सब सुमन एक उपवन के'-कवि ने किसे कहा है ?**

(i) एक बगीचे के फूलों को
(ii) एक बस्ती में रहने वालों को
(iii) एक देश में प्रेमपूर्वक रहने वालों को
(iv) भेदभाव फैलाने वालों को

## खंड-ख हिंदी व्याकरण (1 X12 =12)

**प्रश्न 3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**(1) 'शिक्षित' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए-**

(i) शिक्षा (ii) शिक्षि (iii) इत (iv) शिक्ष

**(2) 'प्राथमिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए|**

(i) प्रथम (ii) प्रथमि (iii) इक (iv) इका

**(3) राजा-रानी में कौन- सा समास है?**

(i) समास (ii) तत्पुरुष समास (iii) द्वंद्व समास (iv) इनमें से कोई नहीं

**(4) जिस समस्त पद के दोनों पद प्रधान होते है, उस समास का नाम बताइए-**

(i) तत्पुरुष समास (ii) द्वंद्व समास (iii) समास (iv) इनमें से कोई नहीं

**(5) नीलाभ शब्द का सही संधि-विच्छेद क्या होगा ?**

(i) नील +अभी (ii) नील +आभ (iii) नील + आम (iv) नील + आन

**(6) नव +आगंतुक की संधि है-**

(i) नवागंतुक (ii) नावगंतुक (iii) नवगाँव (iv) नवगानतम

**(7) मुहावरा "दाँतों तले उँगली दबाना" का अर्थ है –**

(i) दंग रह जाना
(ii) कठिन काम के लिए प्रेरित करना
(iii) बहुत शोर करना
(iv) अत्यधिक प्रशंसा करना

**(8) "लाल-पीला होना" का अर्थ है –**

(i) मुद्राएँ बनाना
(ii) क्रोध करना
(iii) तेवर बदलना
(iv) रंग बदलना

**(9) "नीति" शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा?**

(i) नीतीयाँ (ii) नीतियाँ (iii) नीती (iv) कोई विकल्प नहीं

**(10) "ज़िम्मेदारी" शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा?**

(i) जिम्मेदारीयों
(ii) ज़िम्मेदारियों
(iii) जीम्मेदारियों
(iv) कोई विकल्प नहीं

**(11) "पानी" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन – से होंगें?**

https://www.evidyarthi.in/

(i) जल, नीर
(ii) पानी, नदी
(iii) नदी, वर्षा
(iv) जल, समुद्र

**(12) "फूल" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन – से होंगे**?

(i) पुष्प, वन
(ii) कुसुम, पुष्प
(iii) वन, कुसुम
(iv) फूल, जंगल

**खंड –(ग) गद्य एवं काव्य खंड पर आधारित**

**प्रश्न 4 नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए |** (**5x1=5)**

मोर के सिर की कलगी और सघन, ऊँची तथा चमकीली हो गई| चोंच अधिक बंकिम और पैनी हो गई, गोल आँखों में इन्द्रनी की नीलाभ द्युति झलकने लगी| लंबी नील-हरित ग्रीवा की हर भंगिमा में धूपछाँही तरंगे उठने – गिरने लगीं| दक्षिण – वाम दोनों पंखों में सलेटी और सफ़ेद आलेखन स्पष्ट होने लगे| पूँछ लंबी हुई और उसके पंखों पर चंद्रिकाओं के इंद्रधनुषी रंग उद्दीप्त हो उठे| रंग – रहित पैरों को गरवीली गति ने एक नयी गरिमा से रंजित कर दिया| उसका गरदन ऊँची कर देखना, विशेष भंगिमा के साथ उसे नीची कर दाना चुगना, पानी पीना, टेढ़ी कर शब्द सुनना आदि क्रियाओं में जो सुकुमारता और सौन्दर्य था, उसका अनुभव देखकर ही किया जा सकता है| गति का चित्र नहीं आँका जा सकता|

**प्रश्न (क) मोर के सिर की कलगी कैसी थी?**

(i) सघन, ऊँची तथा चमकीली
(ii) सघन, ऊँची तथा पैनी
(iii) सघन, रंगदार तथा चमकीली
(iv) इनमें से कोई नहीं

**(ख) मोर की चोंच कैसी थी?**

(i) काली और मोटी (ii) बंकिम और पैनी (iii) बारीक और छोटी (iv) लंबी और पतली

**(ग) लेखिका ने किसे इन्द्रनी की संज्ञा दी है?**

(i) मोर के पंख
(ii) मोर की कलगी
(iii) मोर की चोंच
(iv) मोर की आँखें

**(घ) मोर की कौन – कौन सी भंगिमाएँ मोहक थी?**

(i) गर्दन ऊँची करके देखना, झुकना व दाना चुगना
(ii) दाना चुगना और पानी पीना
(iii) गर्दन ऊँची करके देखना, नीची कर दाना चुगना, पानी पीना व टेढ़ी कर शब्द सुनना
(iv) विशेष भंगिमा से चलना

**(ड.) मोर की किस क्रिया का चित्र नहीं आँका जा सकता है?**

(i) नाचने की
(ii) दाना चुगने की
(iii) गति की
(iv) पानी पीने की

**प्रश्न 5 नीचे दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(5x1= 5)**

जागो बंसीवारे ललना !

जागो मोरे प्यारे !

https://www.evidyarthi.in/

रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे|
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे||
उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाड़े द्वारे|
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै||
माखन रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे|
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयां को तारे||

**(क) उपर्युक्त पद्यांश के रचयिता कौन हैं?**

(i) महादेवी वर्मा
(ii) मीराबाई
(iii) सुभद्राकुमारी चौहान
(iv) इनमें से कोई नहीं

**(ख) पद्यांश में किस समय का वर्णन किया गया है?**

(i) दोपहर का
(ii) रात का
(iii) सुबह का
(iv) शाम का

**(ग) गोपियाँ क्या कर रही है?**

(i) दही मथ रही हैं
(ii) खाना पका रही हैं
(iii) दही बेच रही हैं
(iv) बातें कर रही हैं

**(घ) ग्वाल बालों के हाथ में क्या था?**

(i) माखन (ii) रोटी (iii) माखन-रोटी (iv) दूध-दही

**(ड.) कृष्ण को जगाने हेतु द्वार पर कौन-कौन खड़े थे?**

(i) सारे ग्वाल बाल
(ii) दानव
(iii) सारी गोपियाँ
(iv) नंदबाबा

**प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**

**(2x2=4)**

1. किन विशेषताओं के कारण हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है?
2 मिठाईवाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?
3. कुँवर सिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली?

**प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**

**(2x2=4)**

1. पक्षियों को पालना उचित है अथवा नहीं? अपने विचार लिखिए|
2. 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का सन्देश मिलता है?
3. रहीम ने कवार के बादलों की तुलना किससे और क्यों की है?

**पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**

**(2x3=6)**

https://www.evidyarthi.in/

1. तुम्हारे अनुसार महाभारत कथा में किस पात्र के साथ सबसे अधिक अन्याय हुआ और क्यों?
2. तुम्हारे विचार से महाभारत के युद्ध को कौन रुकवा सकता था? कैसे?
3. श्रीकृष्ण ने अन्न का कण और साग का पत्ता क्यों खाया?
4 . दूसरी बार हुए चौसर के खेल में क्या शर्त रखी गई थी?

**खंड-(घ ) रचनात्मक लेखन (1x5=5)**

**प्रश्न 9 - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए |**
**(1x5=5)**

1- अस्वस्थ होने पर अपने विद्यालय के प्राचार्य को चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना - पत्र लिखिए|

**अथवा**

**'समय का महत्व' बताते हुए अपने छोटे भाई/बहन को पत्र लिखिए |**

**प्रश्न 10 अनुच्छेद लेखन- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए|**
**(1x5=5)**

**1- विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व**
2- **मेरा विद्यालय**
3- **मित्रता**
4- **मेरा प्रिय त्योहार**

**प्रश्न 11 संवाद लेखन:- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए**
**(1x4=4)**

**1- घर देर से पहुँचने पर अपनी माताजी और अपने बीच हुए वार्तालाप को संवाद शैली में लिखिए|**

**अथवा**

**2- पेड़ और धरती के बीच हुए वार्तालाप को संवाद शैली में लिखिए|**

**..........................................................................................................**

https://www.evidyarthi.in/